03.07.25 ✓

# Delhi Public School, Howrah

**PERIODIC ASSESSMENT-I (2025-2026)**

**Class-X**

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**विषय : हिंदी - अ, (002)**

**अवधि:- 1 घंटा 30 मिनट** **कुल अंक- 40**

**सामान्य निर्देश :-**

**I. इस प्रश्नपत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।**

**II.चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**III. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।**

## (खंड-क, अपठित गद्यांश)

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **5X1=5**

भारतीय जनता से मुझे इतना प्रेम और स्नेह मिला है कि मैं चाहे जो कुछ भी क्यों न करूँ, उनके अल्पांश का भी बदला नहीं चुका सकता और सच तो यह है कि प्रेम जैसी अमूल्य वस्तु का बदला चुकाया भी नहीं जा सकता। लोगों ने बहुतों को सराहा है, उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की है, परंतु भारतीय जनता के सभी वर्गों के लोगों से मुझे इतना अधिक प्यार मिला है कि मैं उससे अभिभूत हूँ। अपने अनगिनत साथियों और सहकर्मियों के अनुग्रह का मैं और भी अधिक ऋणी हूँ। हम लोगों ने बड़े-बड़े कामों को हाथ में लिया और कंधे से कंधा मिलाकर हम उन्हें करते रहे। उन सभी सफ़लताओं और विपत्तियों में साझीदारी रही, जो इस प्रकार के कामों के साथ अनिवार्य रूप से लगी रहती हैं। अपनी देशप्रेम की अभिलाषा की पूर्ति के लिए और भारत के सांस्कृतिक उत्तराधिकार के प्रति मैं, जवाहर लाल नेहरू, अपनी अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करने की इच्छा से यह प्रार्थना करता हूँ कि मरने के बाद मेरा दाह-संस्कार कर दिया जाए। मेरी भस्म में से मुट्ठीभर इलाहाबाद के पास गंगा में प्रवाहित कर दी जाए, जिससे मेरा विशेष ममत्व रहा है और जिसके द्वारा वह भारत के विभिन्न नगरों को स्पर्श द्वारा प्रणाम करती हुई उस महासागर तक पहुँच जाए, जो भारत का पाद-प्रक्षालन करता है। मेरी भस्म का शेष भाग विमान द्वारा ऊपर से उन खेतों पर बिखेर दिया जाए, जहाँ किसान कड़ी मेहनत करते हैं ताकि मेरी भस्म भारत की धूल और मिट्टी में मिलकर भारत का अभिन्न अंग बन जाए।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-**

**I. नेहरू जी ने "हम लोगों ने बड़े-बड़े कामों को हाथ में लिया" - इस कथन से क्या इंगित किया?**

(क) उन्होंने हमेशा बड़े कामों का ही चुनाव किया

(ख) उनके कार्य छोटे थे पर महत्व बहुत था

(ग) उनके कार्य सामूहिक सहयोग और कठिन परिश्रम से ही संभव हुए

(घ) उन्होंने केवल व्यक्तिगत काम किए

**II. नेहरू जी की भस्म किसमें मिलकर भारत का अभिन्न अंग बन जाएगी ?**

(क) भारत की धूल एवं मिट्टी में (ख) भारत की नदियों में

(ग) भारत के पर्वतों में (घ) भारत के पर्वतों में

**III. प्रस्तुत गद्यांश में नेहरू जी ने किस तरह की भावना व्यक्त की है ?**

(क) परोपकार एवं मानव-कल्याण की भावना

(ख) विश्वबंधुत्व की भावना

(ग) शांति एवं सौहार्द की भावना

(घ) भारत एवं भारतवासियों के प्रति प्रेम की भावना

**सोपान II. अति लघु प्रश्न-**

**IV.कौन-सी वस्तु का बदला नहीं चुकाया जा सकता और क्यों ?**

**V. नेहरू किनसे अभिभूत हैं और क्यों? स्पष्ट कीजिए।**

## <u>अपठित काव्यांश</u>

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 5X1=5

हम जंग न होने देंगे !
विश्वशांति के हम साधक हैं,
जंग न होने देंगे।

कभी न खेतों में फिर खूनी खाद फलेगी,
खलिहानों में नहीं मौत की फ़सल खिलेगी,
आसमान फिर कभी न अंगारे उगलेगा,
ऐटम से फिर नागासाकी नहीं जलेगी
युद्धविहीन विश्व का सपना भंग न होने देंगे !

हथियारों के ढेरों पर जिनका है डेरा,
मुँह में शांति, बगल में बम, धोखे का फेरा,
कफ़न बेचने वालों से कह दो चिल्लाकर,
दुनिया जान गई है उनका असली चेहरा,

कामयाब हों उनकी चालें, ढंग न होने देंगे !

हमें चाहिए शांति, ज़िंदगी हमको प्यारी,
हमें चाहिए शांति, सृजन की है तैयारी,
हमने छेड़ी जंग भूख से, बीमारी से,
आगे आकर हाथ बँटाए दुनिया सारी,
हरी-भरी धरती को खूनी रंग न लेने देंगे !

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-**

**I. कवि किस स्वप्न को नहीं टूटने देना चाहता ?**

(क) संसार की संपन्नता का स्वप्न
(ख) विश्वशांति का स्वप्न
(ग) युद्धरहित संसार का स्वप्न
(घ) पारस्परिक श्रेष्ठता का स्वप्न

**ii. 'खलिहानों में नहीं मौत की फ़सल खिलेगी' का तात्पर्य है-**

(क) युद्ध के कारण फ़सल नष्ट नहीं होगी
(ख) युद्ध अपार जनसंहार का कारण नहीं बनेगा
(ग) खेतों में मृत व्यक्तियों के शव नहीं दिखाई देंगे
(घ) खेती करने वाला मौत का शिकार नहीं बनेगा

**iii. कवि ने 'कफ़न बेचने वाले' उन देशों को कहा है, जो-**

(क) युद्ध के रूप में शक्ति-प्रदर्शन करते हैं
(ख) अशांति और अव्यवस्था में विश्वास रखते हैं
(ग) शक्ति के आधार पर नरसंहार करते हैं
(घ) घातक अस्त्र-शस्त्रों के सौदागर हैं

**सोपान II. अति लघु प्रश्न-**

**IV. दुनिया किनका असली चेहरा जान गई है?**

**V. कवि क्या नहीं होने देगा और क्यों?**

**(खंड-ख, व्याकरण)**

**3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **4X1=4**

I) गर्मियों की छुट्टियाँ शुरू होते ही बच्चे कहीं घूमने जाने की जिद करने लगे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

II) पराधीन व्यक्ति को कभी सुख प्राप्त नहीं होता। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

III) जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब प्रभु अवतार लेते हैं। (सरल वाक्य में बदलिए)

IV) तताँरा को देखकर वामीरो फूट-फूटकर रोने लगी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

V) आकाश में इसलिए तारों का मेला लग गया था, क्योंकि रात हो गई थी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

**4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **4X1=4**

(I) बच्चे खीर बहुत चाव से खाते हैं। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(II) वे तेज दौड़ रहे थे। (भाववाच्य में बदलिए)

(III) अध्यापक जी द्वारा पाठ पढ़ा दिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(IV) मैं गा नहीं सकता। (भाववाच्य में बदलिए)

V) आपके द्वारा उनके विषय में क्या सोचा जाता है? (कर्तृवाच्य में बदलिए)

## (खंड-ग, पाठयपुस्तक)

**5. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** **2X2=4**

क) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

ख) बालगोबिन भगत के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ लिखिए।

ग) भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

**6. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** **2X2=4**

क) कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है?

ख) 'मरजादा न लही' के माध्यम से कौन-सी मर्यादा न रहने की बात की जा रही है?

ग) राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद में राम और लक्ष्मण के चरित्र में मुख्य अंतर क्या है?

**7. पूरक पाठ्य-पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं एक के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** **1X4=4**

(क) शिशु का नाम भोलानाथ कैसे पड़ा? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर समझाइए।

(ख) 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर बाल-मनोविज्ञान पर टिप्पणी कीजिए।

## (खंड-घ, रचनात्मक लेखन)

**8.** आपके जिले में खनन माफियाओं द्वारा स्थानीय बरसाती नदी से बड़ी मात्रा में रेत एवं मिट्टी का अवैध उत्खनन करवाया जा रहा है। यह कार्य स्थानीय पुलिस व नेताओं के संरक्षण में धड़ल्ले से चल रहा है। आप एक जागरूक नागरिक होने के नाते इस संदर्भ में जिलाधिकारी, क०ख०ग० नगर को 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

आप शौर्य इंटरनेशनल स्कूल, अ०ब०स० छात्रावास के कमरा नं०-21 में रहने वाले विजय वशिष्ठ हैं। अपने द्वारा की गई किसी भूल के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को 100 शब्दों में पत्र लिखिए, जिसमें क्षमा प्रार्थना के साथ इस भूल को कभी न दोहराने की विनती भी की गई हो।

9. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- 5

**(क) आधुनिक जीवन शैली एवं स्वास्थ्य समस्याएँ**

**संकेत बिन्दु -** • आधुनिक युग एवं जीवन-शैली • बदलता परिवेश • समय की कमी • कार्य की अधिकता • विभिन्न रोगों से पीड़ित • इनसे बचने के उपाय

**(ख) युवाओं में बढ़ती हिंसावृत्ति**

**संकेत- बिंदु-**• 'हिंसावृत्ति' अर्थात दूसरों को चोट पहुँचाने का संवदेनशून्य आचरण • आज के समाज में हिंसात्मक गतिविधियों का बढ़ना • कारण एवं निवारण • युवाओं में बढ़ती इस दानवी प्रवृत्ति को रोकने के उपाय

**(ग) जब आवे संतोष धन, सब धन धूरि समान**

**संकेत बिंदु -** • संतोष (संतुष्टि का भाव) का अर्थ एवं उसका महत्त्व • संतोष जैसा गुण व्यक्ति के लोभ, ईर्ष्या आदि बुराइयों को हटाने में सहायक • असंतोष से उत्पन्न सभी समस्याओं का समाधान